यातायात एवं परिवहन प्रभाग, मधुबन
06 अगस्त, 2008

रक्षा बंधन पर्व की हार्दिक बधाईया और शुभ विचार

आदरणीय दैवी भ्राता जी / बहन जी

अव्यक्त मूर्त बापदादा के अति स्नेही, सदा पवित्रता के श्रेष्ठ आसनधारी विशेष आत्माओं, विश्व-परिवर्तक बाप के मास्टर विश्व-परिवर्तक अथक सेवाधारी महान आत्माओं को बापदादा की वरदानी भूमि मधुबन से ओमप्रकाश भाई, दिव्या बहन व सुरेश भाई की ओर से ईश्वरीय स्नेह एवं याद स्वीकार हों।

सर्वप्रथम तो आप सभी को **पावन पर्व रक्षा बंधन** की हार्दिक बधाईया और हर कदम पर सफलता की शुभ कामनायें।

बाद समाचार यह है कि आज विशेष पर्व पर विशेष सेवाओं के शुभ संकल्प से न केवल मन हर्षित हो रहा है बल्कि आपको यह पत्र लिखने के लिए बड़ा उमंग उत्साह आ रहा है। सर्व ब्राह्मणों के लिए सबसे मुख्य धारणा पवित्रता की याद दिलाने वाला **रक्षा बंधन का पावन पर्व** अनेक आत्माओं को आप समान बनाने की प्रेरणा देता है, इसीलिए एक शुभ विचार है कि **रेलवे के सभी ट्रेनिंग सेन्टर्स, एस.टी. डिपो, पर्यटन स्थलों, नेशनल हाईवे / चेक पोस्ट** व अन्य स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायें ।

यातायात, परिवहन एवं पर्यटन क्षेत्र में कार्यरत आत्माओं की विशेष सेवायें करने का यह शुभ अवसर है क्योंकि जो लोग घर से बाहर होते हैं या वाहन चलाते हैं विशेषतया उन्हें आप सम्पर्क करें और **रूहानी बहन के रूप में राखी बांधें, तिलक-टोली दें तो उनका मन न केवल खुशी से गद्‌गद होगा बल्कि ऐसी अमिट छाप मन पर लगेगी कि जीवनभर याद रहेगी।**

इसलिए आप सर्व निमित्त बहनों से अनुरोध है कि आप इस अवसर पर **रेलवे ट्रेनिंग सेन्टर्स** व **राज्य परिवहन निगम (S.T.) के निमित्त अधिकारियों**, प्राईवेट **बस ऑपरेटरस्** तथा **ट्रासंपोर्ट कम्पनियों के मालिकों** से सम्पर्क करके **विशेष कार्यक्रम** रखें। **गुजरात राज्य में तो विशेष रूप से सरकार की तरफ से एक सर्कुलर भी हर साल जारी होता है** और हरेक डिपो में हर कर्मचारी व अधिकारी को राखी बांधने का कार्यक्रम अपनी संस्था की ओर से रखे जाते हैं, आध्यात्मिक प्रेरणायें तथा जीवन में सफलता की शुभ कामनायें दी जाती है। इसी प्रकार मुम्बई में विशेष कार्यक्रम किये जाते हैं। इस बार **राष्ट्रीय संयोजिका दिव्या बहन जी के निर्देशन में ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा भी ऐसा ही सर्कुलर जारी हो।** आप भी अभी से ही निमित्त अधिकारी या मालिक से सम्पर्क कर बड़े विशाल दिल से यह सेवा करें ताकि पूरे देश में **मीडिया** द्वारा यह समाचार प्रसारित हो और **आप सर्व के सहयोग से** इस प्रभाग के माध्यम से बापदादा को प्रत्यक्ष करने का लक्ष्य पूरा किया जा सके।

यातायात प्रभाग के सदस्य और उपरोक्त क्षेत्रों में किसी भी रूप में कार्य करने वाले तथा यातायात पुलिस सेवा से जुड़े सभी बी.के. भाई-बहनें इसमें शामिल होकर **ईश्वरीय सेवा में सहयोगी अवश्य ही बनें** यह शुभ आशा है। प्रभाग के सदस्यों एवं प्रभाग की सेवाओं की प्रगति के निमित्त आप सभी निमित्त टीचर बहनों को इस शुभ विचार को स्वीकार करके सेवा में सहयोग के लिए अग्रिम धन्यवाद के साथ-2 हार्दिक शुभकामनायें।

ईश्वरीय सेवा में,
आपका दैवी भाई,

Bk om Prakash

(बी. के. ओमप्रकाश)
अध्यक्ष, यातायात एवं परिवहन प्रभाग

नोट: 10 चित्रों वाला, रंगीन, प्रदर्शनी सेट **तथा प्रदर्शनी को समझाने के लिए बहुत सुन्दर चित्र प्रदर्शनी की किताब भी छप गई है**। इसके अलावा **नये स्टीकर्स भी छप कर आ गये हैं**। यह सेट, किताब **व** स्टीकर्स शांतिवन में प्रभाग कार्यालय में उपलब्ध है। अत: जिन्हें चाहिये वह **मुख्यालय संयोजक, बी.के. सुरेश शर्मा** से सम्पर्क करें। मोबाइल-**9414153366**